**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 09.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही वक्फ संशोधन अधिनियम लागू हो गया।

2. केंद्र ने एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नीति के तहत छब्बीस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय की घोषणा की।

3. पोषण पखवाड़ा के तहत द्वीपसमूह के टुसनाबाद, प्रातरापुर और डिगलीपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम आयोजित।

4. तकनीकी खराबी के कारण वाहन फेरी जलयान एमवी नॉर्थ बे की सेवाएं आठ अप्रैल से बंद कर दी गई है।

<><><><><><><>

वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस कल से लागू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं।

वहीं एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस का पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की पवित्रता को संरक्षित किया जाएगा और हाशिए पर रहने वाले मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने भारत के जीवंत और रचनात्मक उद्योगों के बारे में बात की, जिनमें फिल्में, पॉडकास्ट, गेमिंग, संगीत, एआर और वीआर शामिल हैं। उन्होंने इन उद्योगों को अगले स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से भारत में निर्माण के पहल पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी पोषण पखवाड़ा का कल से शुभारंभ हो गया। फरारगंज के टुसनाबाद पंचायत हॉल में कार्यक्रम की शुरुआत एक पोषण रैली के साथ हुई, जिसे टुसनाबाद पंचायत के प्रधान आनंद अमृत राज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहकर्मियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया, जो पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वी. कलेश्वर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने जीवन के शुरुआती चरणों में विशेषकर बच्चों और माताओं के लिए पोषण के महत्व पर जोर दिया, ताकि कुपोषण से निपटा जा सके और समग्र स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाया जा सके।

उधर प्रातरापुर सामुदायिक हाल में भी सातवें पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आम जनता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए रंगोली और रेसिपी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ गुरजीत कौर ने कहा कि पोषण अभियान की सफलता के लिए आवश्यक सहयोगी भावना और सामुदायिक भागीदारी जरूरी है।

इस बीच उत्तरी अण्डमान के डिगलीपुर में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आईसीडीएस परियोजना द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस. ने झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पोषण पखवाड़ा सिर्फ एक जागरूकता अभियान नहीं है; बल्कि यह पोषण, एक मां, एक बच्चा और एक समय में एक भोजन को बदलने का एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि इसका उददेश्य परंपरा को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना और समुदायों को शामिल करना है।

बाइस अप्रैल तक मनाए जाने वाले पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम पोषण अभियान के तहत विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों में पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को सुदृढ़ करना है।

**<><><><><><><>**

तकनीकी खराबी के कारण मिडिल स्ट्रेट और बाराटांग के बीच चलने वाले वाहन फेरी जलयान एमवी नॉर्थ बे की सेवाएं आठ अप्रैल से बंद कर दी गई है। इसके स्थान पर एमवीएफ कदमतला और एमवीएफ ऑस्टिन–फोर की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए एमवी नॉर्थ बे की खराबी को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

**<><><><><><><>**

सैन्य विमान की ओर से पन्द्रह, बाईस और उन्तीस अप्रैल को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी संबंधित लोगों को अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री के मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत करने की खबर को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए शीर्षक दी है– मुद्रा योजना किसी विशेष समूह तक सीमित नहीं है, इसका उददेश्य युवाओं को अपने पैरों पर खडा होने के लिए सशक्त बनाना है। **द्वीप समाचार** ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के आज से द्वीपों के दौरे पर रहने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने प्रदर्शनी मैदान में आयोजित पुस्तक मेले में स्कूली विद्यार्थियों के विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने की खबर को भी प्रमुखता दी है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने भी पुस्तक मेले की खबर को प्रमुखता देते हुए विशेष ब्रेल पुस्तक वितरित किए जाने की खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। रोटरी क्लब की ओर से निशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किए जाने के लिए शिविर आयोजित करने की खबर को **द इको ऑफ इंडिया** ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने नमूनाघर ग्राम पंचायत में हस्तशिल्प पर पन्द्रह दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की खबर को पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**